जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

परीक्षा समिति की कार्यवाही

मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांकः 22.09.2018 को पुर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आहूत परीक्षा समिति की बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नवत अधिकारीगण उपस्थित हुए।

1. प्रो0 योगेन्द्र सिंह, कुलपति	अध्यक्ष
2. डॉ0 अशोक कुमार उपाध्याय	सदस्य
3. डॉ0 (श्रीमती) रीना सक्सेना	सदस्य
4. डॉ0 आर.पी. राघव	सदस्य
5. डॉ0 अशोक कुमार श्रीवास्तव	सदस्य
6. डॉ0 दयालानन्द राय	सदस्य
7. डॉ0 आर.पी. कुशवाहा	सदस्य
8. डॉ0 राजीव कुमार	सदस्य
9. श्री प्रकाश सिंह, वित्त अधिकारी	सदस्य
10. डॉ0 राम शरण पाण्डेय	आमंत्रित सदस्य
11. श्री संजय कुमार, कुलसचिव	सदस्य सचिव

माननीय कुलपति जी द्वारा परीक्षा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की कुलसचिव को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में कुलसचिव द्वारा परीक्षा समिति के सम्मुख विचारार्थ कार्यसूची प्रस्तुत की गयी, जिस पर परीक्षा समिति ने मदवार निम्नाकित निर्णय लिये।

मद सं0 1– परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 18.08.2018 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 18.08.2018 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया।

मद सं0 2– श्री मुरली मनोहर टाउन कालेज, बलिया में बी0एस0सी0–ए0जी0 प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र जो बैकपेपर की परीक्षा फार्म न भर पाने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके को आगामी वर्ष 2018–19 की प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के साथ पुनः परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा श्री मुरली मनोहर टाउन कालेज, बलिया में बी0एस0सी0–ए0जी0 प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्र जो बैकपेपर की परीक्षा फार्म न भर पाने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके के सम्बन्ध में छात्रहित के दृष्टिगत निम्नांकित निर्णय लिये गये।

(क) एसे छात्र जो 05 अंक का कृपांक(Grace Marks) प्रदान करने के उपरान्त उत्तीण होते हैं उन्हे 05 अंक का कृपांक प्रदान करते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाये। 05 अंक का कृपांक दो प्रश्नपत्रों में विभक्त करते हुए भी दिये जा सकते हैं परन्तु दोनों प्रश्नपत्रों में दिये गये कृपांक का कुल योग 05 से अधिक नहीं होना चाहिए।

करते हुए अस्थायी प्रवेश (Provisnal Admission) प्रदान कर दिया जाये कि सत्र 2018–19 की वार्षिक परीक्षा में वे बैकपेपर अभ्यर्थी के रूप में सम्मिलित होंगे तथा यदि उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

मद सं0 3– परीक्षा समिति दिनांक 29.05.2018 द्वारा सामूहिक नकल के प्रकरणों के निस्तारण हेतु गठित समिति द्वारा महाविद्यालयवार प्राप्त उत्तर एवं सुनवाई के उपरान्त प्रस्तुत की गयी संस्तुति/आख्या हेतु अनुमोदन पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा सामूहिक नकल के प्रकरणों के निस्तारण हेतु गठित समिति द्वारा महाविद्यालयवार प्राप्त उत्तर एवं सुनवाई के उपरान्त प्रस्तुत की गयी संस्तुति/आख्या को यथावत अनुमोदित किया गया।

मद सं0 4– सत्र 2018–19 हेतु स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से परीक्षा फार्म दिनांक 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2018 तक भरे जाने हेतु तिथि निर्धारण पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2018–19 हेतु स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2018 तक तथा उक्त तिथि के उपरान्त रू0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 06 नवम्बर, 2018 तक तिथि निर्धारित की गयी।

मद सं0 5– स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण छात्रों से भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सत्र 2018–19 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 22 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2018 तक विश्वविद्यालय की वेब–साइट पर आनलाइन भरे जाने हेतु तिथि निर्धारण पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण छात्रों से भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सत्र 2018–19 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 22 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2018 तक विश्वविद्यालय की वेब–साइट पर आनलाइन भरे जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी की सत्र 2017–18 वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इस विश्वविद्यालय से भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सत्र 2018–19 की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

मद सं0 6– छात्र विकास कुमार एम0एड0 प्रथम सेमेस्टर एवं छात्र आकाश सिंह बी0ए0 प्रथम वर्ष भूगोल द्वारा नकल में आरोपित न होने के सम्बन्ध में उनके प्रार्थनापत्र पर संयोजक यू0एफ0एम0 कमेटी की आख्या के अनुमोदन पर विचार।

संयोजक, यू0एफ0एम0 कमेटी की आख्या कि दोनों छात्र विकास कुमार एम0एड0 प्रथम सेमेस्टर एवं आकाश सिंह बी0ए0 प्रथम वर्ष भूगोल मूल्यांकन केन्द्र द्वारा नकल में आरोपित होने की सूचना प्राप्त हुई है तथा यू0एफ0एम0 कमेटी द्वारा इसे पुष्ट किया गया है को परीक्षा समिति ने अनुमोदित किया।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

22.9.18

(संजय कुमार)
कुलसचिव

(प्रो0 योगेन्द्र सिंह)
कुलपति